



जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से टोक्यो की गवर्नर सुश्री युरिको कोइके ने मुलाकात कर प्रतीक चिन्ह आदान-प्रदान किए। डॉ. यादव ने टोयोटा मोटर कार्पोरेशन के तोशीयूकी नाकाहारा और माशाहीरो नोगी को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। वहीं डॉ. यादव का जापान में प्रवासी भारतीयों ने तलवार भेंटकर अभिनन्दन किया।

# डॉ. यादव से टोक्यो गवर्नर की मुलाकात, टोयोटा को निवेश के लिए आमंत्रण

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जापान यात्रा के दौरान टोक्यो की गवर्नर सुश्री युरिको कोइके ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सुश्री कोइके से मुलाकात को भविष्य में विकास के क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए उत्साहजनक बताया। डॉ. यादव ने बताया कि जापान और भारत के बीच सहयोगात्मक अनुकूलता का वातावरण बना है।**

इससे मध्यप्रदेश के साथ जापान का रवैया सहयोगात्मक हुआ है और भविष्य में विकास की अनंत संभावनाएं नजर आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि गवर्नर सुश्री कोइके से उद्योग, प्रोद्योगिकी, निवेश रोजगार और विद्यार्थियों के परस्पर अध्ययन व शोध के क्षेत्र में सहयोग जैसे विषयों पर आत्मीय वातावरण में चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सुश्री कोइके ने मई 2025 टोक्यो में प्रस्तावित स्टार्ट-अप कंपनियों के सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। डॉ. यादव ने भी गवर्नर सुश्री कोइके को भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया।

डॉ. यादव ने पहले दिन टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने तोशियूकी नाकाहारा महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन और श्री मासाहिरो नोगी परियोजना महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन के साथ व्यापारिक संभावनाओं के निवेश के अवसरों पर गहन चर्चा की।



## महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान के टोक्यो में एडोगावा सिटी स्थित गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत की चर्चा करते हुए कहा कि बापू के आदर्श आज भी पूरी दुनिया में लोगों को प्रेरित करते है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों को भारत-जापान संबंधों से जोड़ते हुए कहा कि बापू का अहिंसा का सिद्धांत जापान के गौतम बुद्ध के सिद्धांतों के साथ मेल खाता है। यह दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों को दर्शाता है।

## भारतीय राजदूत ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री से टोक्यो में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने मुलाकात की। दोनों ने भारत-जापान के बीच मजबूत और ऐतिहासिक रिश्तों पर चर्चा की। डॉ. यादव और श्री जॉर्ज ने भविष्य में म.प्र.-जापान के इन रिश्तों को प्रगाढ़ किये जाने पर फोकस किया गया, ताकि मध्यप्रदेश और जापान के बीच व्यापार-अर्थव्यवस्था का गठबंधन और सशक्त हो।

## प्रवासी भारतीयों ने तिलक लगाकर किया अभिनंदन

डॉ. यादव मंगलवार की सुबह ही जापान की राजधानी टोक्यो पहुँचे। यहां पहुँचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रवासी भारतीयों ने उन्हें तिलक लगाकर साफा बांधा, एनआरआई समुदाय ने उन्हें पारंपरिक तलवार भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने टोक्यो में ट्रायबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलेपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के ट्रायबल प्रोडक्ट मार्केट का अवलोकन किया। उन्होंने उत्पादों को देखा और शिल्पकारों से चर्चा कर शिल्पों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉ. यादव ने जानना चाहा कि जापान में भारतीय शिल्प कला की कितनी अधिक ख्याति है और उनकी मार्केटिंग का कितना स्कोप है। उन्होंने शिल्पकारों द्वारा भारतीय शिल्प की विदेशों में विशिष्ट पहचान बनाने के लिये सराहना कर शुभकामनाएँ भी दी।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जापान दौरे का दूसरा दिन...**

## आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की होगी पहल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे। भारत की जापान के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की पहल होगी। यह दिन प्रदेश में निवेश, व्यापार और औद्योगिक सहयोग को नई ऊंचाई देने के लिए समर्पित रहेगा। डॉ. यादव की पहली बैठक ईस्ट जापान रेलवे कंपनी और केइदानरेन की दक्षिण एशिया समिति के अध्यक्ष यूजी फुकासावा के साथ होगी। यह बैठक टोक्यो के इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। इसमें रेलवे और परिवहन क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।मुख्यमंत्री जेईटीआरओ (जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष सुसुमु काटाओका से मिलेंगे। यह बैठक जेईटीआरओ के मुख्यालय, आर्क मोरी बिल्डिंग, मिनाटो-कु, टोक्यो में होगी। बातचीत का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश में व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए अवसर तलाशना और जापान के साथ व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाना रहेगा। डॉ. यादव सुंतोरी इंडिया के अध्यक्ष ताकायुकी सन्नो से इम्पीरियल होटल में मुलाकात करेंगे। बैठक में खाद्य और पेय उद्योग में निवेश और सहयोग पर चर्चा की जाएगी। दोपहर में डॉ. यादव ब्रिजस्टोन मुख्यालय, क्योबाशी, चुओ-कु, टोक्यो में ब्रिजस्टोन के अधिकारियों से मिलेंगे। बैठक का उद्देश्य ऑटोमोबाइल और टायर उद्योग में तकनीकी साझेदारी और निवेश की संभावनाओं को विस्तार देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जेआईसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोहेई हारा से मुलाकात करेंगे। बैठक में जल प्रबंधन, स्मार्ट सिटी परियोजनाएं और अधोसंरचना विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी। अपरान्ह में डॉ. यादव फास्ट रिटेलिंग कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ तदाशी यानाई से मिलेंगे। इस वार्ता का केंद्र मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल और रिटेल उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। मुख्यमंत्री निटोरी होल्डिंग्स के अध्यक्ष तोशीयूकी शिराई से मुलाकात करेंगे। यह बैठक इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी और फर्नीचर उद्योग में सहयोग के नए अवसर तलाशने पर केंद्रित होगी।

### प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद और रात्रिभोज

सायंकाल मे मुख्यमंत्री डॉ. यादव टोक्यो के इम्पीरियल होटल के हिकारी हॉल में प्रवासी भारतीय समुदाय और मध्यप्रदेश के मित्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति, निवेश अवसरों और नीतियों पर प्रकाश डालेंगे। इसके रात्रिभोज में शामिल होंगे। डॉ. यादव का यह दिन प्रदेश को एक वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने और जापान के साथ दीर्घकालिक औद्योगिक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।


नगर परिषद देपालपुर

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, देपालपुर अनिता गोस्वामी
सी.एम. ओ. नगर परिषद, देपालपुर बहादुर सिंह रघुवंशी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं...




नगर परिषद राऊ

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, राऊ पप्पी विजय पाटीदार
सी.एम.ओ. नगर परिषद, राऊ चन्द्रशेखर निगम

नगर परिषद धार

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, धार नेहा बुड़ानी
सी.एम.ओ. नगर परिषद, धार विकास रावत

नगर परिषद बड़नगर

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, बड़नगर अभय टोंग्या
सी.एम. ओ. नगर परिषद, बड़नगर कमला कोल

नगर परिषद सांवेर

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, सांवेर संदीप चंगेड़िया
सी.एम.ओ. नगर परिषद, सांवेर अर्पित शर्मा

नगर परिषद बदनावर

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, बदनावर मीना शेखर यादव
सी.एम.ओ. नगर परिषद, बदनावर लाल सिंह

नगर परिषद महूंगांव

* नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंके।
* परिषद की अपने क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने वाली गडियों में अपने घरों का कचरा डालें।
* बिना अनुमति निर्माण करना कानूनन जुर्म है।
* अपने-अपने भवन भूमि प्रतिष्ठान दुकानों का लायसेंस, संपत्तिकर, जलकर, फीस, दुकान किराया समय पर जमा करें।

अध्यक्ष नगर परिषद, महूंगांव नवीन तिवारी
सी.एम.ओ. नगर परिषद, महूगांव विरेन्द्र राठौर